बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने वाले विद्यार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश

दिनांक 25.10.2021 के रिहर्सल कार्यक्रम हेतु निर्देश :–

1. दीक्षांत समारोह के रिहर्सल हेतु पंजीकृत विद्यार्थी मिन्टो हॉल (पुरानी विधानसभा) में दिनांक 25.10.2021 अपरान्ह 2:30 बजे उपस्थित होंगे।

2. दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थी दीक्षांत पोशाक दिनांक 25.10.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:30 बजे तक चक्रवर्ती राजगोपालाचारी इंस्टीट्यूट ऑँफ मैनेजमेन्ट (CRIM), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर से सुरक्षा निधि रूपये 1000/– नगद जमा करके प्राप्त करेंगे

दिनांक 26.10.2021 को दीक्षांत समारोह हेतु निर्देश :–

1. दीक्षांत समारोह में भाग लेने हेतु विद्यार्थी मिन्टो हॉल के गेट क्रमांक 2 (पुलिस कन्ट्रोल रूम की ओर स्थित) से प्रवेश करेंगे।

2. किसी कारणवश दिनाँक 25.10.2021 को दीक्षांत पोशाक नहीं ले पाने वाले विद्यार्थियों को मिन्टो हॉल में चिन्हित काउन्टर के माध्यम से पोशाक दिनांक 26.10.2021 को पूर्वान्ह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक वितरित की जायेगी।

3. विद्यार्थी रू. एक हजार (1000/–) सुरक्षा निधि जमा कर के दीक्षान्त पोशाक प्राप्त करेंगे।

4. दीक्षांत समारोह की समाप्ति के पश्चात् विद्यार्थी पोशाक वापस करके अपनी सुरक्षा निधि वापस प्राप्त कर सकेंगे।

5. उपाधि प्राप्ति करने वाले विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे सफेद कुर्ता, पायजामा एवं महिलाएँ क्रीम कलर की साड़ी पहन कर आएँ।

6. विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह स्थल– मिन्टो हॉल में साफा बांधने की व्यवस्था की गई है। साफा बंधवाना अनिवार्य है।

7. विद्यार्थी दीक्षांत पोशाक पहनकर एवं साफा बंधवाने के उपरांत आवश्यक रूप से पूर्वान्ह 10:00 बजे तक अपना निर्धारित स्थान ग्रहण करेंगे।

8. कोविड प्रोटोकॉल को दृष्टिगत रखते हुए इस बार दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को दीक्षांत समारोह स्थल पर जाने की अनुमति सामान्यतः नहीं होगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव